# कृषि मंत्री ने दूसरे दिन भी नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों में कार्रवाई की

## इन फैक्ट्रियों में तत्कालीन गहलोत सरकार के समय भी नकली खाद तैयार की जा रही थी, उस समय कार्रवाई क्यों नहीं की गई : कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा

**मदनगंज-किशनगढ़/अजमेर,** (निसं)। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी किशनगढ़ क्षेत्र में नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में नकली खाद जब्त कराया। कृषि मंत्री ने कहा किसानों के साथ धोखा करने वालों को किसी भी हालात में बक्शा नहीं जायेगा। बड़े प्लांट में मार्बल पाउडर, बजरी, मूरड व केमिकल से तैयार की जा रही नकली खाद ब्रांडेड कंपनी के कट्टों में भरकर राजस्थान, बिहार, हरियाणा सहित कई राज्यों में सप्लाई की जा रही है। वहीं कृषि मंत्री ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी से मुलाकात कर विपक्ष के आरोपों को खारिज हुए कहा कि इन फैक्ट्रियों में तत्कालीन गहलोत सरकार के समय भी नकली खाद तैयार की जा रही थी, उस समय कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

कृषि मंत्री ने कहा कि किशनगढ़ क्षेत्र में नकली खाद बनाने वाली 34 फैक्ट्रियों को चिन्हित कर लिया है, इनमे से 12 फैक्ट्रियों को सीज कर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों के साथ किया जा रहा धोखा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। मंत्री ने फैक्ट्री में प्लांट का अवलोकन किया और वहां रखे हुए खाद के कट्टे भी देखे। कार्रवाई की भनक लगते ही नकली खाद बनाने वाले फैक्टरी मालिकों ने गुपचुप रूप से खाद को सड़कों पर फेंकना शुरू कर दिया, ताकि कार्रवाई से बच सके, किंतु काले कारोबार का भंडाफोड़ होने से इनके मंसूबों पर पानी फिरता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रथम दिवस कई फैक्ट्रियों में शुरू छापामार कार्रवाई देर रात तक चलती रही। देर रात पाटन स्थित अतिशय बायोटेक इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित एक दर्जन फैक्ट्रियों पर कार्रवाई के दौरान सैम्पल लिये। आर के मार्बल गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा विभागीय टीम के साथ बांदरसिंदरी स्थित राधिका एग्रो इंडस्ट्रीज नामक फैक्ट्री पहुंच गये और खाद की जांच पड़ताल की।

उन्होंने छापामार अभियान के अंतर्गत अंराई, डिंडवाड़ा व बांदरसिंदरी में जांच के बाद गांव चौसला पहुंचकर संदिग्ध खाद फैक्ट्रियों की जांच कर सैम्पल लिये। कार्रवाई की भनक लगते ही नकली खाद तैयार करने वाले व्यापारी फैक्ट्रियों के ताले लगाकर भूमिगत हो गये। कृषि मंत्री ने कहा कि पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फर्टिलाइजर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और यह भी जांच की जाए कि इन फैक्ट्रियों के असली मालिक कौन है।



कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को भी नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों पर कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में नकली खाद जब्त कराया।

- कृषि मंत्री ने अंराई, बांदरसिंदरी व डिंडवाड़ा में जांच के बाद गांव चौसला पहुंचकर संदिग्ध खाद फैक्ट्रियों की जांच कर सैम्पल लिये
- कार्रवाई की भनक लगते ही नकली खाद तैयार करने वाले व्यापारी फैक्ट्रियों के ताले लगा भूमिगत हो गये
- नकली खाद की 34 फैक्ट्रियां चिन्हित, 12 फैक्ट्रियों को सीज कर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है

# पांच हजार रु. की रिश्वत लेते सहायक लेखाधिकारी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यूनिट उदयपुर ने सहायक लेखा अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी वृत्त गोगुंदा महिला एवं बाल विकास विभाग उदयपुर को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि 21 मई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यूनिट उदयपुर को एक शिकायत मिली थी जिसमें परिवादिया एवं सहपरिवादिया महिला एवं बाल विकास विभाग तहसील गोगुंदा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है एवं उन्हें माह अक्टूबर 24 से अब तक उनका वेतन/मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। उनके द्वारा इस संबंध में निरंतर नूतन शाह सहायक लेखाधिकारी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी वृत्त गोगुन्दा से संपर्क किया जा रहा है परन्तु बिना कारण बताए वेतन का उनके द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। तीन चार दिनों से नूतन शाह परिवादिया एवं सह परिवादिया से 4500-4500 रूपये प्रत्येक से कुल 9 हजार रूपये रिश्वत की राशि के रूप में देने का दबाव डाल कर गोगुन्दा कार्यालय पर बुलाया जा रहा है। इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा रेंज शिवराज मीणा के पर्यवेक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर अनन्त कुमार के निर्देशानुसार ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक नरपतसिंह मय टीम ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए नूतन शाह सहायक लेखाधिकारी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी वृत्त गोगुन्दा, महिला एवं बाल विकास विभाग उदयपुर को स्वयं के कार्यालय में पांच हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# 1500 रु. की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा की टीम ने शुक्रवार को शाहपुरा तहसील कार्यालय में 1500 रुपए की रिश्वत लेते लसाड़िया में पदस्थापित पटवारी बबलू धोबी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार परिवादी कालू माली ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि पटवारी बबलू धोबी उनके पिता के इंतकाल (मृत्यु) का मामला खोलने के नाम पर दो हजार रुपये की रिश्वत मांगी है।

शिकायत के सत्यापन के दौरान पांच सौ रुपए की रिश्वत ली और बाकी रिश्वत के 1500 रुपये शुक्रवार को लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद शाहपुरा तहसील कार्यालय में ट्रैप की योजना बनाई और पटवारी धोबी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारी मौके से गायब हो गए।



आरोपी पटवारी बबलू धोबी

- पटवारी बबलू धोबी ने शिकायत के सत्यापन के दौरान पांच सौ रुपए की रिश्वत ली

## हादसे में तीन घायल

**मालपुरा,** (निसं)। जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाइवे पर शुक्रवार की दोपहर मालपुरा की और से जा रहे टैंकर व जयपुर की और से आ रही कार में एमिनेन्ट कॉलेज के पास आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दिल्ली निवासी शशि बक्सी पत्नी सुशील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जयपुर रैफर किया तथा घायल विशाल बक्सी व वैभव का डिग्गी अस्पताल में उपचार शुरू किया। डिग्गी पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार व टैंकर को पुलिस सुरक्षा में लिया।

## अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित आस्था कॉलोनी के पास नहर की पुलिया के नीचे शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त करने और वारदात का पता लगाने की कोशिश कर रही है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद वि.वि. तक पहुंची नीट यूजी की जांच

## केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने कई स्टूडेंट्स से पूछताछ की, डमी कैंडिडेट बन एग्जाम देने का शक

**जोधपुर,** (कासं)। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में डमी अभ्यर्थियों, पेपर लीक व फर्जीवाड़े के आरोपों की जांच अब राजस्थान के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों तक पहुंच गई है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम पिछले तीन-चार दिनों से जोधपुर स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में जांच कर रही है। सीबीआई की पकड़ में आए गिरोह से पूछताछ में यहां के कुछ स्टूडेंट्स द्वारा नीट परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बनने की जानकारी सामने आई थी। इसको लेकर सीबीआई टीम ने आयुर्वेद वि.वि. के द्वितीय व तृतीय वर्ष के अनेक स्टूडेंट्स से पूछताछ की। इन स्टूडेंट्स पर नीट में डमी अभ्यर्थी बनने का संदेह जताया जा रहा है।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों पर नीट परीक्षा में अन्य अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने की पुष्टि करने के लिए जोधपुर पहुंची दिल्ली सीबीआई टीम आयुर्वेद विवि के द्वितीय व तृतीय वर्ष के 10-12 छात्रों के फोटो और हस्ताक्षरों का मिलान करने के साथ ही विभिन्न संदिग्ध बिंदुओं पर तकनीकी जांच करने में जुटी है।

सीबीआई की जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया था कि जोधपुर एम्स के तृतीय वर्ष के एमबीबीएस छात्र हुकमाराम गोदारा ने चार लाख रुपए लेकर बिहार के मुज्जफरनगर स्थित डीएवी स्कूल (मालीघाट) परीक्षा केंद्र में डमी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने का प्रयास किया था। बाड़मेर निवासी हुकमाराम प्रयागराज के नामी डॉक्टर आरके पांडे के बेटे राज पांडे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था, परंतु बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान पकड़ा गया। जोधपुर का संबंध सीबीआई की पटना स्थित शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में जून-2024 में दर्ज एफआईआर से जुड़ा था। उसी की जांच में जुटी सीबीआई टीम को राजस्थान के कई छात्रों और संस्थानों की संदिग्ध भूमिका होने के संकेत मिले थे। तब से दिल्ली सीबीआई की स्पेशल यूनिट की टीम संदिग्ध छात्रों के एकेडेमिक रिकॉर्ड, परीक्षा केंद्रों के दस्तावेज और बायोमेट्रिक डेटा का विश्लेषण कर रही है।

आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि सीबीआई की टीम नीट यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर जांच के सिलसिले में जोधपुर आई है। उस जांच के दौरान सीबीआई की पकड़ में आई गैंग से ऐसे सुराग मिले, जिसमें जोधपुर आयुर्वेद विवि के कुछ स्टूडेंट्स द्वारा दूसरे राज्य में जाकर डमी के रूप में परीक्षा देने की बात सामने आई थी। उसी की पुष्टि के लिए सीबीआई टीम जांच में जुटी है।

## बीकानेर में करोना के तीन पॉजीटिव केस मिले

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर में करोना के 3 पॉजीटिव केस सामने आए है। तीनों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। पीबीएम हॉस्पिटल में तीनों के सैंपल लेने के बाद सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में कोविड जांच की गई थी। रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर मेडिकल कॉलेज से पीबीएम हॉस्पिटल और सीएचएचओ को रिपोर्ट दी गई है।

सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने बताया कि कोविड पॉजीटिव में गंगाशहर, जयपुर और पवनपुरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। तीनों ने पीबीएम हॉस्पिटल में जांच करवाई थी। इसके बाद कोविड सैंपल लिए गए थे। जांच करोना पॉजीटिव होना सामने आया है। इसके साथ ही हेल्थ डिपार्टमेंट एक्टिव मोड पर आ गया है। तीनों कोविड पॉजीटिव के घर और आस-पास के क्षेत्रों से भी सैंपल लिए जा सकते हैं। अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि तीनों को पहले वैक्सीन लगी है या नहीं? नए वेरियेंट में वैक्सीनेट भी चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में सभी को लक्षण मिलने पर कोविड जांच कराने की सलाह दी जा रही है। सीएमएचओ ने बताया कि जोधपुर में भर्ती बीकानेर के एक व्यक्ति को भी कोरोना हुआ है।


**OFFICE OF MUNICIPAL BOARD NAWA CITY (DIDWANA-KUCHAMAN)**

SR.NO. :MBN/DEV/2025-26/354 DATE : 29-05-2025

**NOTICE INVITING BID**

15 Bids for Civil Works (cost 251.64 lacs) are invited from interested bidders up-to 12.00 PM (time) 06.06.2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. NIB NO. DLB2526A1857 UBN No. DLB2425WSOB06200, 06208, 06221, 06223,06224,06231 06233,06235,06238,06239,06241,06242,06243,06244,06245 EPROC TENDER ID : 2025_DLB_474201_1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15

Raj.Samwad/C/25/3312 Chairman Executive Officer

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी.टी. रोड धौलपुर
फोन नं. 05642-220728 ई-मेल ee.dho.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 593-599 **ई-निविदा सूचना संख्या 30/2025-26** दिनांक :- 20.5.25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खंड के अधीन विभिन्न कार्यों की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| एन.आई.बी. नं. | PHE2526A1240 |
| यू.बी.एन. | PHE2526WSOB02587 |

DIPR /C/6895/2025 (आशाराम मीणा) अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि. विभाग, खंड धौलपुर

**कार्यालय नगर परिषद् बांसवाडा (राज.)**
फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714 Email Id :palika.bsw@gmail.com

क्रमांक : एफ 5( )निर्माण/न.प.बा./2025-2026/1222-24 दिनांक : 27.05.2025

**निविदा सूचना स.02/2025-26**
(NIB NO. DLB2526A1824)

सक्षम स्तर पर पंजीकृत संवेदक से 05 कार्य निर्माण कार्य जिसकी कुल लागत 93.09 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा डाउनलोड की अवधि दिनांक 29/05/2025. प्रातः 9 बजे एंव दिनांक 07/06/2025 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित अन्य शर्ते एवं विवरण पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajsthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2526WSOB06131, DLB2526WSOB06135, DLB2526WSOB06137 DLB2526WSOB06141, DLB2526WSOB06145

राज.संवाद/सी/25/3278 आयुक्त नगर परिषद्, बाँसवाड़ा

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत सवाई माधोपुर**

क्रमांक : 238 **निविदा सूचना संख्या : 01/2025-26** दिनांक : 20.5.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला सवाई माधोपुर में मलारना चौड़, भगवतगढ़, पीपलाई एवं उदेई कलां में अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य हेतु मय नियमानुसार दोष निवारण अवधि के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.inएवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. :- PWD 2526A0703
UBN No. :- 1. PWD2526WSOB02126, 2. PWD2526WSOB02127 3. PWD2526WSOB02128, 4. PWD2526WSOB02129

DIPR/C/6812/2025 (हरि सिंह मीना) अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि. वृत्त सवाई माधोपुर


# ऑपरेशन शील्ड : आज फिर गूंजेगा सायरन, मॉक ड्रिल होगी

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद प्रदेश में 31 मई को एक बार फिर ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजेंगे। इसके साथ ही इमरजेंसी व्यवस्थाओं को भी जांचा जाएगा। सिविल डिफेंस ने मॉक ड्रिल की तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए सभी जिलों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। पाकिस्तानी बॉर्डर से लगते जिलों में मॉक ड्रिल के लिए खास तैयारियां की जा रही है।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को जोधपुर में भी मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल शाम पांच बजे होगी। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल को लेकर निर्देश मिले हैं। इस दौरान चेतावनी भरे सायरन बजने के साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाएगा। युद्ध जैसे हालात और हमले की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य का अभ्यास भी इस मॉक ड्रिल में किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा इंतजामों और बचाव कार्यों की तैयारियों को भी जांचा जाएगा।

जानकारी के अनुसार पहले राजस्थान सहित चार राज्यों और एक केंद्र शसित प्रदेश में 29 मई को मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट रिहर्सल होनी थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित किया गया। अब 31 मई को मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट रिहर्सल होगी। इससे पहले 7 मई को प्रदेशभर में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट रिहर्सल की गई थी। तब कई खामियां सामने आई थी। इन खामियों को भी शनिवार को प्रस्तावित मॉक ड्रिल में जांचा जाएगा। मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट रिहर्सल को लेकर सभी जिला कलेक्टर को निर्देश जारी किए गए हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार पश्चिमी सीमा से लगे राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदशों के सभी जिलों में 31 मई को सिविल डिफेंस अभ्यास आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राजस्थान के सभी 7 संभागों के 41 जिलों में द्वितीय सिविल डिफेंस अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) का आयोजन होना है।

# हत्या के मामले में वांछित इनामी बदमाश नागौर से गिरफ्तार

- हत्या, मारपीट और आर्म्स एक्ट के संगीन मामलों में फरार था आरोपी, छह राज्यों में काटी फरारी

**बीकानेर,** (निसं)। बीछवाला थाना क्षेत्र में हत्या के एक मामले में वांछित बदमाश प्रकाश चांगरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के अलावा मारपीट और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। दस हजार रुपए का इनाम भी इस पर घोषित था। फरारी के दौरान छह राज्यों में भागता फिरा, हालांकि बाद में पुलिस ने इसे दबोच लिया।

थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण के अनुसार 3 जुलाई 2024 को सदाम व मृतक शाहरूख परिवार के साथ शोभासर में बारात में शामिल होकर वापस बीकानेर लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने सद्दाम की गाड़ी को टक्कर मारी। बदमाशों की गाड़ियों से 20-30 व्यक्ति उतरे जिनमें से सिकंदर, साजिद, सीताराम, प्रकाश ने अपने हाथों में पिस्तौल ले रखी थी। सद्दाम को जान से मारने के लिए फायर किया और मारने की नियत से सद्दाम एवं उसके भाई पर हमला कर दिया। इस हमले मे परिवादी के भाई शाहरूख की मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज होने के साथ ही पुलिस ने धरपकड़ शुरू कर दी लेकिन बदमाश भागने में सफल हो गए। आरोपी प्रकाश चांगरा पुत्र लालचंद चागरा निवासी हरिजन बस्ती बड़ी गुवाड पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया। टीम ने पिछले कई दिनों से लगातार प्रयास करते हुए कड़ी से कड़ी जोड़कर संदिग्ध स्थानों पर लगातार निगरानी रखी। सायबर सैल ने मुल्जिम प्रकाश चांगरा से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की। प्रकाश चांगरा के बारे में पुख्ता सूचना मिलते ही उसे नागौर से पकड़ लिया गया। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार होकर प्रकाश मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश व पंजाब में फरारी काटता रहा। आरोपी कोटगेट थाने में 3 गिरफ्तारी वारंटों में वांछित था।


**कार्यालय अधीशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-बस्सी**

क्रमांक :- 281 दिनांक :- 20.5.2025

**ई-टेण्डरिंग सूचना संख्या 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security.- (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75,an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case fo unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Goverment Securities or Bank Guarantee.)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | Various Work for VVIP Visit in PWD Division-Bassi, Jaipur (2 Nos) |
| कुल धरोहर राशि (रुपयों में) | : | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | : | बुधवार 21 मई, 2025 प्रातः 9.30 बजे से सोमवार 02 जून, 2025, सायं 6.00 बजे तक। |
| निविदा जमा कराने की तारीख | : | बुधवार 21 मई, 2025 प्रातः 9.30 बजे से सोमवार 02 जून, 2025, सायं 6.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तारीख | : | मंगलवार 03 जून, 2025 को प्रातः 11.00 बजे तक। |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.4.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क - 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क - 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि - 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 4533 |

UBN No. : PWD2526WSOB02160, PWD2526WSOB02161

DIPR./C/6840/2025 (दिनेश कुमार मीणा) अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खंड-बस्सी (जयपुर)


## झोलाछाप के क्लीनिक पर कार्रवाई

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पांछूडाला में झोलाछाप डॉक्टर सुनील कुमार सैनी जिसके पास ना कोई डिग्री ना कोई डिप्लोमा फिर भी 7-8 साल से प्रैक्टिस करते हुए अपना क्लीनिक खोलकर रोग से पीड़ित मरीजों का उपचार के नाम पर शोषण करने व मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत के आदेशानुसार बीसीएमओ डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर अरुणा मीणा, पावटा तहसीलदार संजय खेदड के नेतृत्व में प्रागपुरा थाना पुलिस एएसआई कंवर सिंह की टीम के द्वारा झोलाछाप डॉक्टर पर छापामार कार्रवाई अभियान चलाया गया। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम पांछूडाला पहुंचकर मरीजों का उपचार करते पाए जाने पर डॉक्टर के क्लीनिक को सीज कर नोटिस चस्पा किया।

# अनियंत्रित होने से बस पलटी, 15 घायल

**भीम,** (निसं)। पुलिस थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जस्साखेड़ा के समीप शुक्रवार सुबह एक निजी ट्रैवल्स बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को एंबुलेंस एवं ग्रामीणों की सहायता से भीम उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने घायलों का इलाज किया तथा गंभीर अवस्था में चार यात्रियों को रेफर किया गया।

हादसे की सूचना पर भीम उपखंड अधिकारी दुदाराम हुडा एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार सैनी, उपजिला चिकित्सालय पीएमओ डॉक्टर सुरेश मीणा आदि अस्पताल पहुंचे तथा घायलों के इलाज एवं यात्रियों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था देखी। सड़क हादसे में गंभीर घायलों का भीम चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर हंसराज गणेश धापू देवी एवं गोपाल सिंह आदि को ब्यावर रैफर किया गया। उंडावासांन ताल देवगढ़ निवासी पन्नासिंह पुत्र भेरूसिंह तथा भैरूसिंह पुत्र लालसिंह, नागफनी अजमेर निवासी गणेश पिता पवन बंजारा, रितिका पुत्री पवन बंजारा, दिनेश पुत्र पवन बंजारा, बानसूर अलवर निवासी कमल पुत्र राम अवतार, हंसराज पिता अशोक, पिंकी पत्नी हंसराज नाथी पत्नी गोपाल, रेखा पत्नी सोनू, गोपाल सिंह पिता विजय सिंह, धापू देवी रामसिंह सांडला जयपुर निवासी गोविंद पुत्र उमराव, विक्रम पुत्र गोविंद, बर निवासी उषा पत्नी दयालु, राम सिंह पुत्र कंगाल सिंह एवं मियाला निवासी भगवान सिंह पुत्र केसर सिंह घायल हो गए। बस पलटने से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन एक दूसरे को आपस में ढूंढते नजर आए तथा अपने सामान को बस से बाहर निकालने के लिए आसपास के ग्रामीणों से गुजारिश करते रहे। पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीणों ने घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला तथा एंबुलेंस की सहायता से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। पुलिस ने वाहन दुर्घटना का मामला पंजीकृत कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।



भीम उपजिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की टीम ने घायलों का इलाज किया।

## दो गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व छेड़छाड़ के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि परिवादी ने चार अप्रेल को दी रिपोर्ट में बताया कि 14 मार्च की दोपहर मुकेश व सुरेश बावरी ने उसकी पत्नी व बहिन के साथ मारपीट कर लज्जाभंग कर एवं अपहरण कर ले जाने का प्रयास किया।


**Rural Non Farm Development Agency**
3rd Floor, B-Block, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur ) Ph: +91-0141-2226861, 2225619, Fax: +91-0141-5104844 Website : www.ruda.rajasthan.gov.in, Email: rudaraj@ rajasthan.gov.in

F02(1)RUDA/store/NGO/2025-26/1428 दिनांक :- 28/05/2025

**अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण (रूडा) कार्यालय द्वारा सूचीबद्ध किये जाने की दिनांक से एक वर्ष के लिए राज्य में गैर कृषि क्षेत्र के दस्तकारों के उन्नयन हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला एवं एक्सपोजर विजिट इत्यादि के आयोजनों में रुचि रखने वाले प्रतिष्ठित पंजीकृत गैर सरकारी संगठन/ट्रस्ट को सूचीबद्ध करने हेतु ई-उपापन के माध्यम से अभिरुचि प्रस्ताव आंमत्रित किये जाते हैं।

UBN No. RUD2526SLOB00003, NIB No. RUD2526A0003

| क्र. सं. | कार्य | ऑनलाइन निविदा प्राप्त होने की अन्तिम दिनांक एवं समय | अनुमानित कुल व्यय | प्रतिभूति राशि अधिकतम 2 प्रशित | ई-उपापन हेतु प्रक्रिया शुल्क | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NGO Empanelment for Training programmes, Workshops, Exposure Visit etc. | 19.06.2025 6.00 PM तक | 24.00 लाख | 48,000/- | 500/- | 500/- |

अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण हेतु निविदा प्रपत्र State Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.gov.in एवं e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in एवं website www.ruda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

राज.संवाद/सी/25/3301 उपमहाप्रबंधक